सं. 12011/1/2025-प्रशासन/ एनसीवीईटी /2812

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय,

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्

चौथी मंजिल, कौशल भवन,
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110023
दिनांक: 28-01-2026

## रिक्ति परिपत्र

विषय:- सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारियों-प्रधान निजी सचिव/निजी सचिव/वैयक्तिक सहायक को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् में सलाहकार निजी सचिव/ वैयक्तिक सहायक के रूप में नियुक्त करने के संबंध में।

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/स्वायत्त निकायों/संस्थानों/पब्लिक सेक्टर उपक्रमों से प्रधान निजी सचिव/ निजी सचिव/ वैयक्तिक सहायक के रूप में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों से कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी) एक सलाहकार– निजी सचिव/ वैयक्तिक सहायक की अधिमानतः सीडीए पैटर्न पर विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इस विज्ञापन के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों के आधार पर बाद में उपलब्ध होने वाली एक और रिक्ति के लिए भी चयन को अंतिम रूप दिया जा सकता है। एनसीवीईटी को आवश्यकतानुसार पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है या बिना कोई कारण बताए विज्ञापन वापस लिया जा सकता है।

2. सलाहकार– निजी सचिव/ वैयक्तिक सहायक (01 पद) की नियुक्ति।

(क) सरकारी कर्मचारी जो प्रधान निजी सचिव/निजी सचिव/ वैयक्तिक सहायक के रूप में सेवानिवृत हुए हो और जिन्हें सरकारी साचिविक (सेक्रेटेरियल) कार्य का व्यापक ज्ञान हो।

(ख) अधिकारी को एमएस ऑफिस, कंप्यूटर चलाने और इंटरनेट ब्राउज़िंग की जानकारी होनी चाहिए।

(ग) अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

3. चयन का तरीका: यह नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध आधार पर (कॉन्ट्रैक्ट बेसिस) पर होगी। चुने गए उम्मीदवारों को चयन समिति द्वारा साक्षात्कार( इंटरव्यू) के लिए बुलाया जाएगा। जो उम्मीदवार साक्षात्कार( इंटरव्यू) उत्तीर्ण करेंगे, उनका एक पैनल बनाया जाएगा और उन्हें एनसीवीईटी की ज़रूरत के हिसाब से सलाहकार – निजी सचिव/ वैयक्तिक सहायक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा।

4. <u>उनकी नियुक्ति की शर्तें इस प्रकार होंगी</u>:-

(i) नियुक्ति की अवधि सामान्यतः शुरुआती तौर पर एक साल से ज़्यादा नहीं होगी, जिसे और एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। दो साल के बाद, मौजूदा नियमों, प्रयाप्त उचित कारणों, अनुबंध पर नियुक्त व्यक्ति के काम की समीक्षा एवं प्रदर्शन के आधार पर नियुक्ति की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

(ii) सलाहकार एनसीवीईटी के साथ गोपनीयता का एक समझौता करेगा जिसमें नैतिकता और ईमानदारी का एक अनुच्छेद शामिल होगा।

(iii) एक नियत मासिक मेहनताना दिया जाएगा, जो रिटायरमेंट के समय मिलने वाली बेसिक सैलरी में से बेसिक पेंशन घटाकर तय किया जाएगा। इस तरह तय की गई मेहनताने की रकम अनुबंध की अवधि के लिए अपरिवर्तित रहेगी। अनुबंध की अवधि के दौरान कोई वार्षिक वेतन वृद्धि/प्रतिशत वृद्धि नहीं होगी। अनुबंध की अवधि के दौरान कोई वेतन वृद्धि और/या महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा।

(iv) वह एचआरए, सीसीए, रहने की जगह आदि जैसी सुविधाओं के हकदार नहीं होंगे। निवास और कार्यस्थल के बीच आने-जाने के लिए ट्रांसपोर्ट अलाउंस के रूप में एक उचित और निश्चित राशि दी जाएगी, जो सलाहकार को उसकी रिटायरमेंट के समय लागू दर से अधिक नहीं होगी। इस तरह तय की गई राशि कार्य की अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहेगी।

(v) उन्हें कार्यग्रहण करने के लिए आने या उसके पूरा होने पर कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

(vi) कंसल्टेंसी की अवधि के दौरान अधिकारी को एनसीवीईटी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण काम करने होंगे, जो समय-समय पर उसे सौंपे जाएंगे।

(vii) एनसीवीईटी के साथ अपने कार्यभार की अवधि के दौरान और उसके बाद भी, हो सकता है कि उन्हें कुछ महत्वपूर्ण/गोपनीय प्रकृति की जानकारी मिले। वे अपने कार्यकाल की अवधि के दौरान इकट्ठा की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बताएंगे जिसे उसे जानने/रखने का अधिकार नहीं है।

(viii) सेवा के प्रत्येक पूरे महीने के लिए 1.5 दिन की सवेतन छुट्टी दी जाएगी। एक कैलेंडर वर्ष से अधिक छुट्टी जमा करने की अनुमति नहीं होगी।

5. **<u>आवेदन कैसे करें</u>**: इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप में (सभी तरह से पूरा) पीपीओ की स्व-प्रमाणित प्रति के साथ दिनांक: 27-02-2026 तक भेजें। बिना ठीक से भरे निर्धारित प्रोफोर्मा और पीपीओ की प्रति के आवेदन पत्रों पर शॉर्टलिस्टिंग के लिए विचार नहीं किया जाएगा। ठीक से भरे हुए आवेदन पत्र ई-मेल द्वारा ई-मेल career.ncvet@gmail.com पर भेजें:

या

आवेदन की हार्ड कॉपी निर्धारित फॉर्मेट में उप निदेशक (प्रशासन), राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्, भारत सरकार, चौथी मंजिल, कौशल भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110023 को भेजें, जो आखिरी तारीख तक एनसीवीईटी में पहुँच जाए।

6. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.02.2026 है।

7. हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी अन्तर या विवाद के मामले में अंग्रेजी पाठ ही मान्य (Prevail) होगा।

(दिलीप कुमार यादव)
उप निदेशक (प्रशासन)

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् में सलाहकार (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी) की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्रः-

1. नाम : ____________________

2. पिता का नाम: ____________________

3. (क) जन्म तिथिः ____________________

(ख) दिनांकः 27-02-2026 को आयु ____वर्ष ____महीने_____ दिन

4. अधिवास (निवास स्थान): ____________________

5. राष्ट्रीयता : ____________________

6. पत्राचार के लिए डाक पता : ____________________

7. ई-मेल : ____________________

8. मोबाइल नंबर : ____________________

9. शैक्षणिक योग्यताएं: ____________________

10. सेवा के पिछले दस वर्षों के दौरान धारित पदः

| क्र.सं. | पदनाम और पोस्टिंग का स्थान जिसमें मंत्रालय / विभाग का नाम शामिल हो। | वेतनमान और वेतन स्तर | अवधि | | किए गए कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. कौशल/प्रशिक्षण :

12. उक्त नियुक्ति के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अन्य विशिष्ट जानकारी
(यदि आवश्यक हो तो अलग शीट का उपयोग करें):

13. कृपया पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

**घोषणा**

मैं एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण हैं। मैं आगे घोषणा करता हूं कि सेवानिवृत्ति के समय मैं सतर्कता के दृष्टिकोण से दोषमुक्त था। मैंने यह दस्तावेज़ पढ़ लिया है और सलाहकार की नियुक्ति के नियमों और शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। मैं यह भी समझता हूं कि यदि संबंधित अधिकारियों द्वारा मुझे यहां उल्लिखित किसी भी प्रकार के कदाचार का दोषी पाया जाता है, तो मेरे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

आवेदक का नाम और हस्ताक्षर

स्थान:

दिनांक :